# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 10.01.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी ने रांची दौरे के अंतिम दिन कांके में सीसीएल के सुपरस्पेशयलिटी हॉस्पिटल की रखी आधारशिला, आईआईसीएम के प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ किया संवाद।**
2. **झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की हुई भाजपा में वापसी, पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद धर्मांतरण के खिलाफ अभियान चलाने का किया ऐलान।**
3. **लोहरदगा में अदालत ने एक बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या करने के दोषी को सुनायी फांसी की सजा, सिमडेगा में भी पोक्सो एक्ट के दो दोषियों को 14–14 साल का सश्रम कारावास।**
4. **धनबाद में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प में एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार सिंह गंभीर रुप से जख्मी, बेहतर इलाज के लिए दुर्गापुर रेफर।**
5. **शैक्षणिक और कल्चरल एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत बेल्जियम के 27 छात्र–छात्राओं का दल पहुंचा रांची, झारखंड की भाषा और संस्कृति की ली जानकारी।**

***********************

कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी ने रांची दौरे के दूसरे और आखिरी दिन आज कांके में सीसीएल के सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल की आधारशिला रखी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दो सौ बेड वाले इस अस्पताल का निर्माण स्वास्थ्य के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। इसके बाद श्री रेड्डी ने इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ कोल मैनेजमेंट के प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ संवाद किया। इस मौके पर उन्होंने ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

***********************

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास की भाजपा में वापसी हो गयी है। उन्होंने आज रांची स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी और प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह समेत भाजपा के कई नेता मौजूद रहे। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद श्री दास ने धर्मांतरण के खिलाफ अभियान चलाने की घोषणा की।

***********************

रेलवे और सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि मध्यम और निचली आय वाले लोगों के लिए गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने वाली नई वंदे भारत रेलगाडियां जल्द शुरू की जाएंगी। चेन्नई में आज एकीकृत कोच कारखाने–आईसीएफ के फर्निशिंग शेड में मीडिया से बातचीत के दौरान श्री वैष्णव ने यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए बारह महत्वपूर्ण सुधारों के साथ अमृत भारत ट्रेन के डिब्बों को उन्नत करने सहित परिवर्तनकारी विकास का उल्लेख किया। उन्होंने दो वर्ष के भीतर कम आय वाले लोगों के लिए पचास नई सस्ती रेलगाड़ियों की शुरुआत करने संबंधी योजना की भी घोषणा की।

***********************

लोहरदगा जिले में एडीजे वन अखिलेश कुमार तिवारी की कोर्ट ने एक बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या करने के दोषी इंदर उरांव को फांसी की सजा सुनायी है। यह अमानवीय घटना जिले के

बगडू थाना क्षेत्र के आर्या गांव में हुई थी। उधर, सिमडेगा में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार सिन्हा की अदालत ने पोक्सो कांड के दो आरोपियों तूफान नायक और अर्जुन नायक को 14–14 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। अदालत ने तूफान नायक पर 40 हजार और अर्जुन नायक पर 15 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। दोषियों ने वर्ष 2021 में दो नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था।

**************************

धनबाद के मधुबन थाना क्षेत्र में हिलटॉप आउटसोर्सिंग कंपनी के समर्थकों और रैयतों के बीच हिंसक झड़प में एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार सिंह गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए दुर्गापुर मिशन अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना पर बोकारो रेंज के आईजी राज माइकल, डीआईजी सुरेन्द्र कुमार झा, डीसी माधवी मिश्रा और विधायक जयराम महतो अस्पताल पहुंचे और स्थिति की जानकारी ली। आईजी ने कहा कि धर्माबांध ओपी क्षेत्र में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। घटना का जायजा लेने के लिए एसडीपीओ गए थे। इस दौरान पीछे से पत्थरबाजी की गई, जिससे वे घायल हो गये।

**************************

गिरिडीह जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गिरिडीह डीसी नमन प्रेयस लकड़ा खुद सड़क सुरक्षा अभियान की कमान संभाल रहे हैं। मुफस्सिल थाना क्षेत्र में उन्होंने बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों को यातायात नियमों का पालन करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर सभी को गंभीर होने की जरुरत है।

**************************

झारखंड अधिविद्य परिषद– जैक की मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा 11 फरवरी से शुरू होने वाली है। देवघर समेत पूरे जिले में शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त परीक्षा के आयोजन को लेकर तैयारी शुरू हो गयी है। और जानकारी दे रहे हैं

**************************

शैक्षणिक और कल्चरल एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत बेल्जियम के 27 छात्र–छात्राओं का एक दल रांची के डोरंडा स्थित संत जेवियर्स स्कूल पहुंचा। इस दौरान स्कूल में एक आउट रीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शामिल होकर बेल्जियम के छात्र–छात्राओं ने झारखंड की भाषा संस्कृति और जीवन दर्शन की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर सेंट जेवियर्स स्कूल डोरंडा के चेयरमैन फादर अजीत खेस ने बताया कि भारत और बेल्जियम के बीच कल्चरल और शैक्षणिक एक्सचेंज कार्यक्रम की पुरानी परंपरा रही है।

**************************

कोडरमा में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए न्यायिक पदाधिकारियों ने मरियमपुर के बिरहोर टोला में बिरहोर परिवारों के बीच कंबलों का वितरण किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की पहल पर कई अन्य जगहों पर भी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालकृष्ण तिवारी की अगुवाई में गरीबों के बीच कंबलों का वितरण किया गया।

***********समाप्त***********